बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-569
10/12/2020

# मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में 266 करोड़ रुपये की लागत से एन0एच0–30 के कोइलवर में सोन नदी पर बने अपस्ट्रीम पुल का केंद्रीय मंत्री सड़क परिवहन और राजमार्ग द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लोकार्पण

- जितनी ज्यादा सड़कों और पुलों का निर्माण होगा, राज्य में उतनी अधिक प्रगति होगी– मुख्यमंत्री
- राज्य सरकार अपनी तरफ से राज्य उच्च पथों के निर्माण पर 54 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा खर्च कर रही है– मुख्यमंत्री
- बिहार में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग की काफी संभावनाएं हैं,राज्य सरकार ने इसके लिए उद्योग नीति में भी परिवर्तन किया है– मुख्यमंत्री

पटना 10 दिसम्बर 2020 :– 1 अणे मार्ग स्थित नेक संवाद से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में 266 करोड़ रुपये की लागत से एनएच 30 स्थित कोइलवर में सोन नदी पर बने अपस्ट्रीम पुल का सड़क परिवहन और राजमार्ग एवं सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री श्री नितिन गडकरी ने रिमोट के द्वारा लोकार्पण किया।

इस अवसर पर अपने संबोधन में मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने कहा कि श्री नितिन गडकरी जी को कोइलवर में सोन नदी पर बने अपस्ट्रीम पुल के उद्घाटन के लिए विशेष तौर पर धन्यवाद देता हूं। 158 साल पहले अंग्रेजों द्वारा सोन नदी पर कोइलवर में रेल सह सड़क पुल का निर्माण कराया गया था। इसका अभी तक आवागमन के लिए उपयोग हो रहा है। वाहनों की संख्या बढ़ने के कारण इस पुल पर जाम की समस्या गंभीर थी। अब इस नये पुल के उद्घाटन से लोगों को आवागमन में काफी सुविधा होगी। इस 6 लेन पुल के 3 लेन अपस्ट्रीम पुल का आज उद्घाटन हुआ है और बाकी 3 लेन का निर्माण कार्य जल्द पूर्ण होने के संबंध में केंद्रीय मंत्री श्री नितिन गडकरी जी ने बताया है। उन्होंने कहा कि इस पुल का निर्माण कार्य तेजी से हो इसके लिये हमने कई बार स्थल निरीक्षण भी किया है।

मुख्यमंत्री ने दानापुर–बिहटा एलिवेटेड पथ की स्वीकृति के लिये श्री नितिन गडकरी को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि बिहटा में नया एयरपोर्ट बनाने का काम शुरु किया गया है। इस एलिवेटेड पथ के बनने से बिहटा एयरपोर्ट तक जाने में लोगों को काफी सहूलियत होगी। उन्होंने कहा कि हमलोगों की मांग पर लखनऊ से गाजीपुर तक बनने वाले पूर्वांचल एक्सप्रेस–वे को बिहार के बक्सर तक विस्तारित करने की अनुमति दी गई है। बक्सर से बनारस तक 4 लेन सड़क के निर्माण से बिहार के लोगों का वाराणसी तक आवागमन आसान हो जायेगा। उन्होंने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री द्वारा कई सड़कों एवं पुलों की योजनाओं का शिलान्यास किया गया था। मुझे खुशी है कि अब उसका उद्घाटन हो रहा है। हमलोगों द्वारा प्रस्तावित कई पथों एवं पुलों को गडकरी जी ने मंजूरी दी है, इसके लिए हम उन्हें धन्यवाद देते हैं। आपने सभी सांसदों के सुझावों को भी सकारात्मक नजरिये के साथ स्वीकृत किया है, यह भी प्रशंसनीय है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा सड़कों एवं पुलों के निर्माण में हमलोगों से जमीन के अधिग्रहण के संबंध में जो अपेक्षाएं हैं उसमें हमलोग पूरी तरह से सहयोग करेंगे। राज्य सरकार केंद्र सरकार को सरकारी जमीनें **as is where is** (एज इज वेयर इज) के आधार पर निःशुल्क उपलब्ध कराती है। उन्होंने कहा कि राज्य में विकास के कई कार्य किये गये हैं। लोगों में विकास को लेकर और उम्मीदें बढ़ी हैं। राज्य में सड़कों के निर्माण होने से जमीन की कीमतें भी बढ़ी हैं। जमीन के अधिग्रहण के दौरान केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित राशि से संतुष्ट नहीं होने पर किसानों को राज्य सरकार भी अपनी तरफ से राशि देती रही है। मेरा आग्रह है कि बिहार में जमीन अधिग्रहण के दौरान कीमतों के निर्धारण में उदारता बरती जाये। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा 50 हजार करोड़ रूपये से ज्यादा की राशि सड़क एवं पुल–पुलियों के निर्माण पर खर्च की जा रही है। राज्य सरकार ने भी अपनी तरफ से राज्य उच्च पथों के निर्माण पर 54 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा राशि खर्च की है। राज्य के सुदूरवर्ती इलाकों से पटना पहुंचने में अधिकतम 6 घंटे के लक्ष्य को प्राप्त कर लिया गया है और अब 5 घंटे में पटना पहुंचने के लक्ष्य पर काम जारी है। जितनी ज्यादा सड़कों और पुलों का निर्माण होगा, राज्य में उतनी अधिक प्रगति होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग की काफी संभावनाएं हैं। राज्य सरकार ने इसके लिए उद्योग नीति में भी परिवर्तन किया है। श्री नितिन गडकरी जी ने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग के केंद्रीय मंत्री होने के नाते बिहार में ईथनौल उद्योग लगाने को लेकर जो सुझाव एवं सहयोग का आश्वासन दिया है उसके लिए हम उनका धन्यवाद करते हैं। हमने अपने पहले कार्यकाल में उद्योग लगाने को लेकर उस समय की केंद्र की यूपीए सरकार को प्रस्ताव दिया था जिसे अस्वीकृत कर दिया गया था। राज्य में व्यापार बढ़ा है। मुझे खुशी है कि इस कार्यकाल में आपके सहयोग से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग बिहार में विकसित हो सकेगा। बिहार में उद्योग बढ़ेगा तो रोजगार भी बढ़ेगा। प्रधानमंत्री जी एवं केंद्र सरकार का राज्य के विकास कार्य में सहयोग मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सड़कों एवं पुलों के निर्माण कार्य पूर्ण होने की तिथि भी आपने निश्चित कर दी है, यह खुशी की बात है। मुझे उम्मीद है कि अगले वर्ष कई पुलों एवं सड़कों का उद्घाटन आपके द्वारा होगा।

कार्यक्रम को केंद्रीय मंत्री सड़क परिवहन और राजमार्ग एवं सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम श्री नितिन गडकरी, उपमुख्यमंत्री श्री तारकिशोर प्रसाद, उप मुख्यमंत्री श्रीमती रेणु देवी, केंद्रीय राज्य मंत्री सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय जनरल (डॉ0) वी0के0 सिंह, केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री श्री अश्विनी कुमार चौबे, केंद्रीय ऊर्जा राज्य मंत्री श्री आर0के0 सिंह, बिहार के पथ निर्माण मंत्री श्री मंगल पांडेय एवं सांसद श्री रामकृपाल यादव ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम के दौरान कोइलवर में सोन नदी पर बने अप स्ट्रीम पुल से संबंधित एक लघु फिल्म भी दिखायी गई।

इस अवसर पर 1, अण्णे मार्ग स्थित नेक संवाद में मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह उपस्थित थे, जबकि अलग–अलग स्थानों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ही बिहार विधान परिषद के कार्यकारी सभापति श्री अवधेश नारायण सिंह, राज्य के ऊर्जा मंत्री श्री विजेंद्र प्रसाद यादव, कृषि मंत्री श्री अमरेंद्र प्रताप सिंह, विधायक श्री राघवेंद्र प्रताप सिंह, विधायक श्रीमती किरण देवी, अपर मुख्य सचिव पथ निर्माण विभाग श्री अमृत लाल मीणा, केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार के वरीय अधिकारीगण सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं गणमान्य व्यक्ति जुड़े थे।

******